**Question Booklet Series**
प्रश्न–पुस्तिका श्रेणी

**A**

**QUESTION BOOKLET**
प्रश्न–पुस्तिका

**CCS-25** **FN**

**5000385**

**Question Booklet No.**
प्रश्न–पुस्तिका संख्या

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | | | | |

**Time Allowed : 2 Hours / निर्धारित समय : 2 घण्टे**

**Maximum Marks : 200 / पूर्णांक : 200**
Each Question carries **2** Marks.
प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES / परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **Please do not open this Question Booklet until you are told to do so.** Immediately after the commencement of the Examination you should check that this Question Booklet **does not have any repeated or missing questions/pages or any other defect.** If so, get it replaced by a correct Question Booklet.
**जब तक आपको कहा न जाए तब तक प्रश्न–पुस्तिका न खोलें।** परीक्षा प्रारंभ होते ही आप प्रश्न–पुस्तिका की अवश्य जाँच करें कि प्रश्न–पुस्तिका **दोषपूर्ण अथवा कम पृष्ठों या पुनरावृत्ति पृष्ठों/प्रश्नों वाली न हो या अन्य किसी भी प्रकार की त्रुटि युक्त न हो।** ऐसा होने पर उसकी जगह त्रुटि रहित प्रश्न–पुस्तिका ले लें।
2. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use only **BLUE/BLACK BALL POINT PEN.**
ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक एवं गोलों को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** इस्तेमाल करें।
3. Candidate must fill up the necessary informations in the space provided on the OMR Answer Sheet before commencement of the examination. Please abide by the instructions given on the OMR Answer Sheet.
परीक्षा प्रारंभ होने से पहले जरूरी सूचना दिए गये निर्धारित स्थान पर ओ.एम.आर. (ऑप्टिकल मार्क रीडर) उत्तर–पत्रक में अवश्य भरें। ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर दिए गये निर्देशों का पालन करें।
4. Answer Sheet will be processed by electronic device. Invalidation of Answer Sheet due to incomplete/incorrect filling of relevant circle of Roll No. and Question Booklet Series in the OMR Answer Sheet shall result in cancellation of candidature. Any deficiency in filling up OMR Answer Sheet shall be the sole responsibility of the candidate. Please do not write anything on the Answer Sheet outside the demarcated areas. It will invalidate your Answer Sheet.
उत्तर–पत्रक को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से संसाधित किया जाएगा। अपूर्ण अथवा गलत तरीके से ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में भरा गया अनुक्रमांक तथा प्रश्न–पुस्तिका श्रेणी अमान्य होगा जिसके आधार पर अभ्यर्थिता रद्द हो जायेगी। ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक भरने में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। उत्तर–पत्रक पर उचित स्थान के अतिरिक्त कुछ न लिखें, अन्यथा उत्तर–पत्रक अमान्य कर दिया जाएगा।
5. While answering, choose the correct alternative from the four choices given below the question and mark the same in corresponding circle in your Answer Sheet. While marking your answers, darken the circle as shown as correct in the example. Also, few examples of wrong shadowing is given below.
प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर–पत्रक में उसी प्रश्न के सम्मुख बने गोलों में उचित स्थान पर अंकित करें। अपना उत्तर अंकित करने के लिए नीचे सुझाए गए सही तरीके के अनुसार गोला भरें। कुछ गलत तरीके भी नीचे दर्शाये गये हैं।
**Correct Method / सही तरीका** Ⓐ Ⓑ Ⓒ ● **Wrong Method / गलत तरीका** Ⓐ Ⓑ ◉ Ⓓ
6. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the examination, handover the OMR Answer Sheet to the Room Invigilator. You are allowed to take the Question Booklet and carbon copy of the OMR Answer Sheet after examination is over.
इस प्रश्न–पुस्तिका से कोई पृष्ठ अलग न करें। परीक्षा समाप्त होने पर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक वीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है। आप परीक्षा समाप्ति के पश्चात् प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकते हैं।
7. Each question carries **02** marks. There is no negative marking for any wrong answer.
प्रत्येक प्रश्न **02** अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं है।
8. Possession and use of Calculator, Mobile Phone, Pager, any unwanted material/article or any other electronic gadget is strictly prohibited in the Examination Hall.
किसी भी प्रकार का गणनयंत्र (कैलकुलेटर), मोबाइल फोन, पेजर, अवांछित सामग्री या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक मशीन (यंत्र) आदि का प्रयोग परीक्षा कक्ष में वर्जित है।
9. Please abide by the instructions above and those given on the OMR Answer Sheet, **failure to comply with these instructions will be the sole responsibility of the candidates.**
कृपया ऊपर लिखे और ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर दिए गए निर्देशों का पालन करें, **निर्देशों की अवहेलना की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**
10. If a dispute arises between the Hindi and English versions of a question, then the English version will prevail in that situation.
यदि किसी प्रश्न के हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण में वाद की स्थिति उत्पन्न होती है तब उस परिस्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

A

DO NOT WRITE ANYTHING ON THIS PAGE

इस पृष्ठ पर कुछ न लिखें

5000385

5000385

5000385

5000385

1. The Kuroshio oceanic current is the part of which of the following ocean ?
(A) Indian ocean (B) Pacific ocean
(C) Atlantic ocean (D) Arctic ocean

2. Which of the following pairs is not correctly matched ?

| | Minerals | | Mines |
|---|---|---|---|
| (A) | Bauxite | – | Bhavnagar |
| (B) | Iron ore | – | Hospet |
| (C) | Copper | – | Khetri |
| (D) | Coal-field | – | Dalli-Rajhara |

3. Which of the following groups of states is arranged in correct descending order of the percentage of Scheduled Castes of their total population, as per 2011 Census ?
(A) Punjab, Himachal Pradesh, West Bengal and Uttar Pradesh
(B) Punjab, West Bengal, Himachal Pradesh and Uttar Pradesh
(C) Himachal Pradesh, Punjab, Uttar Pradesh and West Bengal
(D) Uttar Pradesh, Punjab, West Bengal and Himachal Pradesh

4. Which one of the following is a right bank tributary of river Indus ?
(A) Khurram (B) Jhelum
(C) Suru (D) Zaskar

5. Which one of the following is not related to the Yellow Revolution ?
(A) Mustard seeds
(B) Soya beans
(C) Safflower
(D) Orange

6. The process of "Temperature Inversion" is related to which of the following ?
(A) Stratosphere (B) Ozonosphere
(C) Troposphere (D) Ionosphere

1. कुरोशियो समुद्री धारा, निम्न में से किस समुद्र से जुड़ी हुई है ?
(A) हिंद महासागर (B) प्रशांत महासागर
(C) अटलांटिक महासागर (D) आर्कटिक महासागर

2. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | खनिज | | खान |
|---|---|---|---|
| (A) | बॉक्साइट | – | भावनगर |
| (B) | लौह-अयस्क | – | होसपेट |
| (C) | ताँबा | – | खेतड़ी |
| (D) | कोयला-क्षेत्र | – | डल्ली-राजहारा |

3. 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा राज्यों का समूह उनकी कुल जनसंख्या में अनुसूचित जातियों के प्रतिशत के सही अवरोही क्रम में व्यवस्थित है ?
(A) पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश
(B) पंजाब, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश
(C) हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल
(D) उत्तर प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश

4. निम्नलिखित में से कौन सी सिंधु नदी की एक दाहिनी सहायक-नदी है ?
(A) खुर्रम (B) झेलम
(C) सुरू (D) ज़ास्कर

5. निम्नलिखित में से कौन एक पीत क्रान्ति से सम्बंधित नहीं है ?
(A) सरसों
(B) सोयाबीन
(C) कुसुम
(D) सन्तरा

6. "तापीय व्युत्क्रमण" प्रक्रिया निम्नलिखित में किससे सम्बंधित है ?
(A) समताप मंडल (B) ओज़ोन मंडल
(C) क्षोभमंडल (D) आयन मंडल


500038503

7. Which year is called the great demographic divide in India ?
(A) 1911 (B) 1921
(C) 1971 (D) 1981

8. According to the 2011 Census, which of the following Union Territories has the highest sex-ratio ?
(A) Puducherry
(B) Lakshadweep
(C) Chandigarh
(D) Andaman and Nicobar Islands

9. Max Weber identified three types of legitimate authority, which one of the following is not correct ?
(A) Traditional Authority
(B) Charismatic Authority
(C) Legal-Rational Authority
(D) Coercive Authority

10. The 'Doctrine of Eclipse' in the Indian Constitution applies to which of the following laws ?
(A) Only laws prior to the Constitution
(B) Only post-Constitutional laws that relate to citizens
(C) All laws whether pre or post Constitution
(D) None of the above

11. The industry which is benefitted by the Kemmangundi mines near Bhadrawati, is :
(A) Salem Iron and Steel
(B) Visveswaraya Iron and Steel
(C) Vijaynagar Iron and Steel
(D) Rourkela Iron and Steel

7. भारत में किस वर्ष को महान जनांकिकीय विभाजक कहा जाता है ?
(A) 1911 (B) 1921
(C) 1971 (D) 1981

8. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केन्द्रशासित प्रदेश में सर्वाधिक लिंग अनुपात है ?
(A) पुडुचेरी
(B) लक्षद्वीप
(C) चण्डीगढ़
(D) अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह

9. मैक्स वेबर ने वैध सत्ता (प्राधिकार) के तीन प्रकारों की पहचान की है, निम्नलिखित में से कौन सा एक सही नहीं है ?
(A) परंपरागत सत्ता
(B) करिश्माई सत्ता
(C) कानूनी–तर्कसंगत सत्ता
(D) जबरदस्ती सत्ता

10. भारतीय संविधान में 'आच्छादन का सिद्धांत' निम्न में से किन कानूनों पर लागू होता है ?
(A) केवल संविधान के पूर्व के कानून
(B) केवल संविधान के पश्चात् के वे कानून जो नागरिकों से सम्बन्धित हैं।
(C) सभी कानून चाहे संविधान के पूर्व के हों या पश्चात् के
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

11. जो उद्योग भद्रावती के समीप स्थित केम्मनगुण्डी की खानों से लाभान्वित होता है, वह है
(A) सेलम लौह-इस्पात
(B) विश्वेश्वरैया लौह-इस्पात
(C) विजयनगर लौह-इस्पात
(D) राउरकेला लौह-इस्पात

**12.** Which of the following is <u>not</u> a fundamental duty enshrined in Article-51A of the Indian Constitution ?
(A) To abide by the Constitution and respect the National Flag and National Anthem.
(B) To protect and improve the Natural environment.
(C) To pay taxes and vote in Public elections.
(D) To safeguard public property and to abjure violence.

**13.** Which provision of the fundamental rights is directly related to the exploitation of children ?
(A) Article 17 (B) Article 19
(C) Article 21 (D) Article 24

**14.** Which Article of the Indian Constitution has the provision that the Council of Ministers shall be collectively responsible to the House of the People ?
(A) Article 75(1) (B) Article 75(2)
(C) Article 75(3) (D) Article 75(6)

**15.** What is the age qualification to be chosen as a member of a Panchayat ?
(A) 18 years (B) 21 years
(C) 25 years (D) 35 years

**16.** Panchayati Raj is a system of –
(A) Local government
(B) Local administration
(C) Local self-government
(D) Rural local self-government

**17.** Which of the following is the most important step in the quest for good governance ?
(A) Right to Education
(B) Right to Privacy
(C) Right to Information
(D) Right to Work

**12.** इनमें से कौन सा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A में शामिल मौलिक कर्तव्य नहीं है ?
(A) संविधान का पालन करना और राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गान का सम्मान करना ।
(B) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना और उसे बेहतर बनाना ।
(C) टैक्स देना और सार्वजनिक चुनावों में वोट देना ।
(D) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और हिंसा से दूर रहना ।

**13.** मौलिक अधिकारों का कौन सा प्रावधान सीधे तौर पर बच्चों के शोषण से सम्बन्धित है ?
(A) अनुच्छेद 17 (B) अनुच्छेद 19
(C) अनुच्छेद 21 (D) अनुच्छेद 24

**14.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह प्रावधान है, कि मंत्रिपरिषद् लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी ?
(A) अनुच्छेद 75(1) (B) अनुच्छेद 75(2)
(C) अनुच्छेद 75(3) (D) अनुच्छेद 75(6)

**15.** एक पंचायत का सदस्य चुने जाने के लिए उम्र की अर्हता क्या है ?
(A) 18 वर्ष (B) 21 वर्ष
(C) 25 वर्ष (D) 35 वर्ष

**16.** पंचायती राज व्यवस्था में है
(A) स्थानीय सरकार
(B) स्थानीय प्रशासन
(C) स्थानीय स्व-शासन
(D) ग्रामीण स्थानीय स्व-शासन

**17.** निम्नलिखित में से कौन सुशासन की खोज की दिशा में सबसे महत्त्वपूर्ण कदम है ?
(A) शिक्षा का अधिकार
(B) निजता का अधिकार
(C) सूचना का अधिकार
(D) काम का अधिकार

18. The Municipalities are mentioned in the Part 9-A of the Constitution. How many total Articles related to Municipalities are contained in this part ?
(A) 16 (B) 19
(C) 18 (D) 17

19. Who is the winner of the BBC Indian Sports Woman of the year 2025 award ?
(A) P.V. Sandhu
(B) Mithali Raj
(C) Sakshi Malik
(D) Smriti Mandhana

20. Which of the following statements is not correct ?
(A) A 10 year defence framework agreement was signed between India and the United States.
(B) This agreement was signed on 21 October, 2025.
(C) This agreement was signed between Indian defence Minister Rajnath Singh and US Defence Secretary Peet Hegseth.
(D) This agreement was reached during the ASEAN Defence Ministers' meeting held in Kualalumpur, Malaysia.

21. Which of the following statements regarding the Fundamental Rights in India is/are not correct ?
1. Fundamental Rights are absolute and not subject to any reasonable restrictions.
2. Article 17 (Abolition of untouchability) is available against both the state and private individuals.
3. Rights mentioned in Article-20 and 21 can be suspended during a National Emergency.
4. The Supreme Court can issue writs for the enforcement of Fundamental Rights under Article 32.
Select the correct answer using the codes given below :
(A) 1 and 3 only
(B) 1, 3 and 4 only
(C) 2 and 4 only
(D) 2 and 3 only

18. नगरपालिकाओं का उल्लेख संविधान के भाग 9-A में किया गया है । इस भाग में नगरपालिकाओं से सम्बन्धित कुल कितने अनुच्छेद हैं ?
(A) 16 (B) 19
(C) 18 (D) 17

19. बी.बी.सी. इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड 2025 के लिए किसे चुना गया है ?
(A) पी.वी. संधू (B) मिथाली राज
(C) साक्षी मलिक (D) स्मृति मंधाना

20. निम्नलिखित कथनों में क्या सही नहीं है ?
(A) भारत-अमेरिका के बीच एक 10 वर्षीय रक्षा समझौता (Defence Framework Agreement) हुआ ।
(B) इस समझौते पर 21 अक्टूबर, 2025 को हस्ताक्षर हुए ।
(C) यह समझौता भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के बीच हुआ ।
(D) यह समझौता मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान हुआ ।

21. भारत में मौलिक अधिकारों के बारे में नीचे दिए गए कौन से कथन सही नहीं है/हैं ?
1. मौलिक अधिकार निरंकुश है और उन पर कोई उचित रोक नहीं है ।
2. अनुच्छेद-17 (अस्पृश्यता का अन्त) राज्य और निजी व्यक्तियों दोनों के लिए उपलब्ध हैं ।
3. अनुच्छेद 20 और 21 में बताए गए अधिकार राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान निलंबित किये जा सकते हैं ।
4. सर्वोच्च न्यायालय अनुच्छेद-32 के तहत मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए परमादेश दे सकता है ।
नीचे दिए गए कोड का इस्तेमाल करके सही जवाब चुनें :
(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2 और 4 (D) केवल 2 और 3


500038506

22. Recently "BIRSA 101" was launched which was in the news, it is best described as :
(A) An advanced surveillance drone for patrolling border areas of North-East India.
(B) India's First Indigenous CRISPR (Clustered Regularly Interspaced Short Palindromic Repeats) based gene therapy for sickle cell disease.
(C) A new high yielding variety of millet developed for drought prone regions.
(D) A block chain based platform for transparent disbursement of tribal welfare funds.

22. हाल ही में "BIRSA 101" लॉन्च हुआ था जो खबरों में था, इसे उत्तम रूप में ऐसे बताया जा सकता है :
(A) उत्तर-पूर्वी भारत के बॉर्डर इलाकों में पेट्रोलिंग के लिए एक उन्नत निगरानी ड्रोन ।
(B) सिकल सेल बीमारी के लिए भारत की पहली देशी CRISPR (क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स) आधारित जीन इलाज ।
(C) सूखा प्रवण इलाकों के लिए विकसित बाजरे की एक नई ज्यादा पैदावार वाली किस्म ।
(D) जनजाति कल्याण निधि के पारदर्शी अदायगी के लिए एक ब्लॉक चेन आधारित प्लेटफॉर्म ।

23. Who is the ex-officio Chairman of the regional councils at present ?
(A) Vice President
(B) Prime Minister
(C) Lok Sabha Speaker
(D) Union Home Minister

23. इस समय क्षेत्रीय परिषदों के पदेन अध्यक्ष कौन हैं ?
(A) उपराष्ट्रपति
(B) प्रधानमंत्री
(C) लोकसभा के अध्यक्ष
(D) संघ के गृहमंत्री

24. Where was the 6th BIMSTEC Summit held ?
(A) New Delhi (8 August, 2025)
(B) Bangkok (4 April, 2025)
(C) Singapore (8 September, 2025)
(D) Jakarta (10 September, 2025)

24. छठा बिम्सटेक शिखर–सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ ?
(A) नई दिल्ली (8 अगस्त, 2025)
(B) बैंकॉक (4 अप्रैल, 2025)
(C) सिंगापुर (8 सितम्बर, 2025)
(D) जकार्ता (10 सितम्बर, 2025)

25. Who among the following was not awarded the Nobel Prize in Chemistry 2025 ?
(A) Susumu Kitagawa
(B) Omar M. Yaghi
(C) Richard Robson
(D) Michel H. Devoret

25. इनमें से किसे 2025 में रसायनशास्त्र का नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया ?
(A) सुसुमु कितागावा
(B) उमर एम. याघी
(C) रिचर्ड रॉबसन
(D) मिशेल एच. डेवोरेट

26. Who among the following went to space in June 2025 as the second astronant of India ?
(A) Rakesh Sharma
(B) Shubhanshu Shukla
(C) Kalpana Chawla
(D) Sunita William

26. निम्नलिखित में से कौन भारत के द्वितीय अंतरिक्षयात्री के रूप में जून 2025 में अंतरिक्ष में गया ?
(A) राकेश शर्मा (B) शुभान्शु शुक्ला
(C) कल्पना चावला (D) सुनीता विलियम


600038607

27. On what date did the aerial strikes against Iran begin under the current joint US-Israeli military operation ?
(A) 24th February 2026
(B) 25th February 2026
(C) 28th February 2026
(D) 27th February 2026

28. Who of the following was inducted into the ICC Hall of Fame in June, 2025 ?
(A) Sachin Tendulkar
(B) Mahendra Singh Dhoni
(C) Virat Kohli
(D) Rahul Dravid

29. Where was the 60th Director General of Police (D.G.P.) / Inspector General of Police (I.G.P.) Conference held ?
(A) Raipur (November 2025)
(B) New Delhi (October 2024)
(C) Bangalore (November 2025)
(D) Hyderabad (October 2024)

30. As per the 2025 Human Development Report (HDR) released by the UNDP, which of the following statements regarding India's performance are correct ?
1. India ranked 130th out of the 193 countries with the HDI value of 0.685.
2. India moved from the low to the medium Human Development category for the first time.
3. India ranking improved compared to the previous report.
4. The report emphasizes that inequality reduces India's HDI by over 30%.
(A) 1, 2 and 3 only
(B) 2 and 4 only
(C) 1, 3 and 4 only
(D) 1, 2, 3 and 4

31. Which of the following Indian State reported highest millet production in 2025 ?
(A) Rajasthan (B) Karnataka
(C) Telangana (D) Gujarat

27. वर्तमान संयुक्त अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के अंतर्गत ईरान पर हवाई हमले का प्रारंभ किस तिथि से हुआ ?
(A) 24 फरवरी, 2026 (B) 25 फरवरी, 2026
(C) 28 फरवरी, 2026 (D) 27 फरवरी, 2026

28. जून, 2025 में निम्नलिखित में से किसे आई सी सी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया ?
(A) सचिन तेंदुलकर
(B) महेन्द्र सिंह धोनी
(C) विराट कोहली
(D) राहुल द्रविड़

29. 60वाँ पुलिस महानिदेशक (D.G.P.)/पुलिस महानिरीक्षक (I.G.P.) सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ ?
(A) रायपुर (नवम्बर 2025)
(B) नई दिल्ली (अक्टूबर 2024)
(C) बैंगलोर (नवम्बर 2025)
(D) हैदराबाद (अक्टूबर 2024)

30. UNDP द्वारा जारी 2025 मानव विकास रिपोर्ट (HRD) के अनुसार, भारत के विकास के बारे में नीचे दिए गए कथनों में से कौन से सही हैं ?
1. भारत 0.685 के HDI मूल्य के साथ 193 देशों में से 130वें स्थान पर रहा ।
2. भारत पहली बार निम्न से मध्यम मानव विकास वर्ग में आ गया ।
3. पिछली रिपोर्ट की तुलना में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ ।
4. रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि असमानता भारत के HDI को 30% से ज्यादा कम करती है ।
(A) केवल 1, 2 और 3
(B) केवल 2 और 4
(C) केवल 1, 3 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

31. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय राज्य 2025 में बाज़रा का सबसे बड़ा उत्पादक दर्ज किया गया ?
(A) राजस्थान (B) कर्नाटक
(C) तेलंगाना (D) गुजरात

32. What were the date and day of the 'First total Lunar Eclipse' in 2026 ?
(A) 2nd March 2026 – Monday
(B) 4th March 2026 – Wednesday
(C) 5th March 2026 – Thursday
(D) 3rd March 2026 – Tuesday

32. वर्ष 2026 के 'पहला पूर्ण चन्द्रग्रहण' लगने की तारीख और दिन क्या थे ?
(A) 2 मार्च, 2026 – सोमवार
(B) 4 मार्च, 2026 – बुधवार
(C) 5 मार्च, 2026 – गुरुवार
(D) 3 मार्च, 2026 – मंगलवार

33. Which country hosted the 2025 BRICS Summit ?
(A) China (B) India
(C) South Africa (D) Brazil

33. ब्रिक्स शिखर-सम्मेलन 2025 की मेजबानी किस देश ने की थी ?
(A) चीन (B) भारत
(C) दक्षिण अफ्रीका (D) ब्राजील

34. Regional Imbalance in India is best explained by :
(A) Uniform industrial policy
(B) Equal infrastructure development
(C) Uneven distribution of natural and human resources
(D) Centralized fiscal federalism only

34. भारत में क्षेत्रीय असंतुलन को सबसे अच्छी तरह से निम्न द्वारा समझाया जा सकता है :
(A) एकसमान औद्योगिक नीतियाँ
(B) समान अवसंरचना विकास
(C) प्राकृतिक और मानव संसाधनों का असमान वितरण
(D) केवल केंद्रीकृत राजकोषीय संघवाद

35. Which of the following indicators most accurately reflects income inequality in India ?
(A) Consumer Price Index
(B) Fiscal Deficit Ratio
(C) Gini Coefficient
(D) Current Account Balance

35. निम्नलिखित में से कौन सा संकेतक भारत में आय असमानता को सबसे सटीक रूप से दर्शाता है ?
(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(B) राजकोषीय घाटा अनुपात
(C) गिनी गुणांक
(D) चालू खाता शेष

36. The persistence of poverty in India despite economic growth indicates :
(A) Growth with inequality
(B) Balanced growth pattern
(C) Trickle down effect working perfectly
(D) Declining fiscal deficit

36. आर्थिक विकास के बावजूद भारत में गरीबी का बने रहना निम्नलिखित में से किस बात का संकेत है ?
(A) असमानता के साथ विकास
(B) संतुलित विकास पैटर्न
(C) ट्रिकल डाउन प्रभाव का पूर्णत: प्रभावी होना
(D) घटता राजकोषीय घाटा

37. Which of the following International Organisation publishes the 'Global Hunger Index' ?
(A) FAO
(B) IMF
(C) Concern Worldwide
(D) WHO

37. निम्नलिखित में से कौन सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'वैश्विक भूख सूचकांक' प्रकाशित करता है ?
(A) खाद्य एवं कृषि संगठन
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) कन्सर्न वर्ल्डवाइड
(D) विश्व स्वास्थ्य संगठन

38. Which of the following is not one of the pillars of sustainable development ?
(A) Economic sustainability
(B) Social sustainability
(C) Environmental sustainability
(D) Political sustainability

39. "Common but Differentiated Responsibilities" (CBDR) is associated with :
(A) WTO Agreements
(B) Paris Climate Agreement
(C) IMF conditions
(D) Bretton Woods System

40. In the Indian context, NITI Aayog monitors progress of :
(A) Five year plans
(B) Sustainable development goals
(C) WTO agreements
(D) Monetary policy

41. Carbon trading aims to :
(A) Increase total emissions
(B) Fix pollution at zero
(C) Ban Industrial production
(D) Achieve emission reduction at lowest cost

42. The immediate trigger for the 1991 economic reforms in India was :
(A) High agricultural growth
(B) Decline in IT exports
(C) Low fiscal deficit
(D) Balance of payment crisis

43. The Mahalanobis model of growth emphasized :
(A) Agriculture led growth
(B) Heavy industrialization strategy
(C) Export led growth
(D) Service sector expansion

38. निम्नलिखित में से कौन सा सतत विकास के स्तंभों में से एक नहीं है ?
(A) आर्थिक स्थिरता
(B) सामाजिक स्थिरता
(C) पर्यावरणीय स्थिरता
(D) राजनीतिक स्थिरता

39. "सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व" (सीबीडीआर) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(A) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) समझौते
(B) पेरिस जलवायु समझौता
(C) आईएमएफ की शर्तें
(D) ब्रेटन वुड्स प्रणाली

40. भारत के संदर्भ में, नीति आयोग निम्नलिखित की प्रगति की निगरानी करता है :
(A) पंचवर्षीय योजनाएँ
(B) सतत विकास लक्ष्य
(C) डब्ल्यूटीओ समझौते
(D) मौद्रिक नीति

41. कार्बन ट्रेडिंग का उद्देश्य है :
(A) कुल उत्सर्जन बढ़ाना
(B) प्रदूषण को शून्य पर स्थिर करना
(C) औद्योगिक उत्पादन पर प्रतिबंध लगाना
(D) न्यूनतम लागत पर उत्सर्जन में कमी लाना

42. भारत में 1991 के आर्थिक सुधारों का तात्कालिक कारण था :
(A) उच्च कृषि विकास
(B) सूचना प्रौद्योगिकी निर्यात में गिरावट
(C) निम्न राजकोषीय घाटा
(D) भुगतान संतुलन संकट

43. महालनोबिस के विकास मॉडल में निम्नलिखित पर जोर दिया गया है :
(A) कृषि प्रधान विकास
(B) भारी औद्योगीकरण रणनीति
(C) निर्यात प्रधान विकास
(D) सेवा क्षेत्र का विस्तार

**44.** Which of the following rights are included under the "International Bill of Human Rights"?

I. Universal Declaration of Human Rights.

II. International Covenant on Civil and Political Rights

III. International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights.

Select the correct answer :

(A) I and II only (B) II and III only

(C) I and III only (D) I, II and III

**44.** "मानवाधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक" में निम्नलिखित में से कौन से अधिकार/दस्तावेज शामिल हैं ?

I. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा

II. नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिज्ञापत्र

III. आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिज्ञापत्र

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल I और II (B) केवल II और III

(C) केवल I और III (D) I, II और III

**45.** With reference to the "Universal Declaration of Human Rights (1948)", consider the following statements :

I. It is a legally binding treaty for all UN member states.

II. It laid the foundation for later international human rights treaties.

Which of the statement(s) given above is/are correct?

(A) I only (B) II only

(C) Both I and II (D) Neither I nor II

**45.** "मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR), 1948" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के लिए एक बाध्यकारी संधि है ।

II. इसने बाद की अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों के लिए आधार तैयार किया ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I (B) केवल II

(C) I और II दोनों (D) न तो I और न ही II

**46.** With reference to the "Convention on Biological Diversity (CBD)" consider the following objectives :

I. Conservation of biological diversity

II. Sustainable use of biological resources

III. Fair and equitable sharing of benefits arising from genetic resources

Select the correct answer :

(A) I and II only (B) II and III only

(C) I and III only (D) I, II and III

**46.** "जैविक विविधता पर कन्वेंशन" के संदर्भ में निम्नलिखित उद्देश्यों पर विचार कीजिए :

I. जैविक विविधता का संरक्षण

II. जैविक संसाधनों का सतत् उपयोग

III. आनुवंशिक संसाधनों से होने वाले लाभों का उचित और न्यायसंगत साझाकरण

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल I और II

(B) केवल II और III

(C) केवल I और III

(D) I, II और III

**47.** Which institution provided financial assistance to India during the 1991 crisis?

(A) WTO (B) IMF

(C) OPEC (D) ASEAN

**47.** 1991 के संकट के दौरान भारत को किस संस्था ने वित्तीय सहायता प्रदान की थी ?

(A) डब्ल्यूटीओ (B) आईएमएफ

(C) ओपेक (D) आसियान

48. Which of the following Constitutional Provisions relate to urban local governance in India ?
I. 74th Constitutional Amendment Act.
II. Creation of Municipalities.
III. Establishment of District Planning Committees.
Select the correct answer :
(A) I only (B) I and II only
(C) I, II and III (D) II and III only

49. According to the "Census of India", an area is classified as an urban town if it satisfies which of the following conditions ?
I. Population of at least 5000.
II. Population density of at least 400 persons per sq. km.
III. At least 75% of male main workers engaged in non-agricultural activities.
Select the correct answer :
(A) I and II only (B) II and III only
(C) I, II and III (D) I only

50. The "Rajiv Gandhi Khel Ratna Award", now renamed as the "Major Dhyanchand Khel Ratna Award" is given for :
(A) Lifetime contribution to sports administration.
(B) Outstanding performance by a sports person over a period of four years.
(C) Promotion of sports in rural areas.
(D) Best sports journalist of the year.

51. Which of the following gases are recognised as greenhouse gases under the Kyoto Protocol ?
I. Carbon dioxide
II. Methane
III. Nitrous oxide
IV. Sulphur dioxide
Select the correct answer :
(A) I, II and III only
(B) I and II only
(C) II, III and IV only
(D) I, II, III and IV

48. भारत में 'शहरी स्थानीय शासन' से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों में निम्नलिखित में से कौन से शामिल हैं ?
I. 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
II. नगरपालिकाओं का गठन
III. जिला योजना समितियों की स्थापना
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(A) केवल I (B) केवल I और II
(C) I, II और III (D) केवल II और III

49. "भारत की जनगणना" के अनुसार, किसी क्षेत्र को 'शहरी कस्बे' के रूप में वर्गीकृत करने के लिए निम्नलिखित में से किन शर्तों को पूरा करना आवश्यक है ?
I. न्यूनतम जनसंख्या 5,000 होनी चाहिए।
II. जनसंख्या का घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. होना चाहिए।
III. कम से कम 75% पुरुष मुख्य कार्यबल गैर-कृषि कार्यों में लगा होना चाहिए।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(A) केवल I और II (B) केवल II और III
(C) I, II और III (D) केवल I

50. "राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार" जिसका नाम अब बदलकर "मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार" कर दिया गया है, किस लिए दिया जाता है ?
